**परियोजना का नाम–** मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 23/2019 ट्रान्सपोर्ट नगर रोड से केशवपुरम बस्ती तक मार्ग निमार्ण।

## परियोजना का औचित्य।

मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 23/2019 द्वारा जनपद नैनीताल के अर्न्तगत हल्द्वानी में ट्रान्सपोर्ट नगर रोड से केशवपुरम बस्ती तक सड़क निर्माण किये जाने की घोषणा की गयी है।

उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या– 346/XXXV-4/2018-01(02)2019 दिनांक–10.03.2019 द्वारा उक्त मार्ग के निर्माण हेतु रू 9.00 लाख की वित्तिय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उक्त मार्ग पूर्व से ही कच्चे रूप से बना हुआ है जो कि वन क्षेत्र से होकर गुजरता है तथा उक्त मार्ग का प्रयोग ट्रान्सपोर्ट नगर, वार्ड स0 58, केशवपुरम बस्ती के निवासियों द्वारा आवागमन के रूप में किया जाता है। उक्त मार्ग कच्चा होने के कारण बरसात के समय अत्यधिक कीचड़ से भर जाता है एंव जगह–जगह बड़े–2 गढढे बन जाते हैं जिससे मार्ग अवरूद्ध हो जाता है तथा गरमियों के मौसम में अत्यधिक धूल उड़ती रहती है जिस कारण वहां के निवासियों एंव स्कूल जाने वाले छात्र–छात्राओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त मार्ग के निर्माण होने से वासियों को सुरक्षित एंव सुलभ यातायात की सुविधा प्राप्त होगी तथा स्कूली छात्र–छात्राओं को भी स्कूल आने जाने में अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी।

उक्त कच्चा मार्ग/ बाटिया पूर्व से ही हल्द्वानी राजि के टाण्डा वन ब्लौक के प्लाट सं0 150 से होकर गुजरता है जो कि आरक्षित वन क्षेत्र है तथा तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रूद्रपुर के अर्न्तगत आता है। अतः उक्त मार्ग के निर्माण हेतु तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रूद्रपुर के टाण्डा वन ब्लौक के प्लाट सं0 150 में 0.074 है0 वन भूमि चयनित की गयी है जो कि उक्त मार्ग के निर्माण हेतु उपयुक्त है तथा चयनित वन भूमि विहीन होने के कारण मार्ग निर्माण में किसी भी वृक्ष का पातन नहीं किया जाना है।

प्रस्तावित वन भूमि उक्त मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त होने के कारण वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,
रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर

उप प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी उप प्रभाग
त0 के0 वन प्रभाग हल्द्वानी

वन क्षेत्राधिकारी
हल्द्वानी वन क्षेत्र
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, हल्द्वानी

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग
प्रखण्ड - नैनीताल

वन क्षेत्राधिकारी
हल्द्वानी वन क्षेत्र
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, हल्द्वानी

सहायक अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग
उपखण्ड-हल्द्वानी